# FIRST INFORMATION REPORT
## Under Section 173 B.N.S.S.

## (प्रथम सूचना रिपोर्ट)
## अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2024

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0155 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 27/07/2024 18:49 बजे

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धाराएँ) |
|---|---|---|
| 1 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 7 |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**
   1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 22/07/2024 **Date To (दिनांक तक):** 26/07/2024
   **Time Period (समय अवधि):** पहर **Time From (समय से):** 14:15 बजे **Time To (समय तक):** 14:45 बजे
   (b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 27/07/2024 **Time (समय):** 15:00 बजे
   (c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 002 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 27/07/2024 18:49:25 बजे
4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित
5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**
   1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** SOUTH, 75 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABLE
   (b)**Address(पता):** BINJASAR, DHANAU
   (c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**
   **Name of P.S (थाना का नाम):** **District(State) (जिला (राज्य) ):** BARMER(RAJASTHAN)

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name(नाम):** VENIDAN

(b) **Father's Name (पिता का नाम):** RAMCHANDRA DAN

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष):** 1977 **(d)Nationality(राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No(यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की तिथि):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण( राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):

| S.No. | Id Type | Id Number |
|---|---|---|
| | | |

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address(पता):**

| S.No. (क्र. सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान पता | BINJASAR, DHANAU, BARMER, RAJASTHAN, INDIA |
| 2 | स्थायी पता | BINJASAR, DHANAU, BARMER, RAJASTHAN, INDIA |

(j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):**

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):**

**Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):**

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Address (पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | RAMU LAL | | पिता:RAMGOPAL | 1. NADI KI DHANI PRATAPPURA,SUNARA NIWAI,TONK,RAJASTHAN,INDI |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण( यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिक्के और मुद्रा | रुपये | रिश्वती राशि | 2,000.00 |

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)**
**(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में) ):** 2,000.00

11. **Inquest Report / U.D. case No., If any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या) |
|---|---|

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
**(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):**

महोदय, अर्ज एक प्रार्थी श्री वेणीदान पुत्र श्री रामचन्द्र दान जाति चारण उम्र 47 साल पेशा खेतीबाडी निवासी बींजासर तहसील धनाउ जिला बाडमेर की इस प्रकार हैं कि मेरे परिवार मे मेरे नाम, मेरे पिताजी रामचन्द्रदान, मेरी माताजी ऐजनो देवी, मेरे भाई आम्बदान, मेरी पत्नी माकौर के नाम बींजासर ग्राम सेवा सहकारी समिति बीजासर से सोसायटी ले रखी है। मेरे परिवार के उक्त सभी के सोसायटी की साख सीमा बढाने/रिन्युल करवाने हेतु पटवारी पटवार मण्डल बींजासर से रिन्युल फार्म भरने हेतु नकल जमाबन्दी व नक्शा लेने तथा मेरे भाई आम्बदान पुत्र श्री रामचन्द्रदान व मेरी माता श्रीमति एंजना कंवर पत्नि श्री रामचन्द्रदान के राश्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना के अन्तर्गत व्यक्तिगत (टांका, बेरी, खडीन, भूमि समतलीकरण आदि) कार्य करवाने हेतु इनके आवेदन पत्रों में पटवारी से भूमि रिकॉर्ड का इन्द्रांज कराने हेतु मै दो-तीन दिन पहले व आज सुबह श्री रामूलाल, पटवारी पटवार मण्डल बींजासर से मिला तो उसने मेरे व मेरे परिवार के शाखा सीमा बढाने का फार्म तैयार करने हेतु राजस्व रेकार्ड नकल जमाबन्दी, नक्शा देने तथा मेरे भाई व मेरी माताजी के आवेदन पत्रों में हमारे भूमि रेकर्ड का इन्द्रांज करने की एवज मे 4000 रूपये रिश्वती राशि की मांग की। जिस पर मैंने कहा कि मैं गरीब आदमी हूं, इतने पैसे आपको नहीं दे पाऊंगा, आप मेरे ये सोसायटी के कागजात तैयार करने हेतु राजस्व रेकर्ड दो जिससे मैं सोसायटी उठाकर आपको पैसे दे दूंगा, किन्तु पटवारी ने मेरी बात पर कोई ध्यान नहीं दिया व कहा चाहे कहीं से लाओ मुझे खर्चा पानी दोगे तो ही मैं कागजात तैयार करके दूंगा, अन्यथा आप ये आपके फॉर्म वापिस ले जाओ, जिस पर मैने उस समय मेरे पास रखे 700 रूपये उसी वक्त उसे दिये व शेष राशि काम होने के बाद देने का कहा, तब जाकर उसने मेरे फॉर्म लिये व कहा कि एक-दो दिन बाद 3000 रू. ओर लेकर आना व आपके कागजात ले जाना। मै पटवारी श्री रामूलाल पटवार मण्डल बींजासर को रिश्वत नहीं देना चाहता हूं, किन्तु वो बिना पैसे मेरे फॉर्म ही नहीं ले रहा था, इसलिए मजबूरन उसे रिश्वत देनी पडेगी, किन्तु मैं उसे रिश्वत नहीं देकर रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो पकडवाना चाहता हू। मेरे व श्री रामूराम पटवारी के बीच कोई रंजिश नहीं हैं, न ही कोई रूपये पैसों का लेनदेन बकाया हैं। अतः रिपोर्ट कार्यवाही हेतु पेश हैं। -एस.डी.- गवाह श्री घमण्डाराम फायरमैन/25.07.2024 -एस.डी.- गवाह श्री मनोजकुमार कनिष्ट सहायक/25.07.2024 प्रार्थी -एस.डी.- श्री वेणीदान पुत्र रामचन्द्र दान, जाति चारण, निवासी बींजासर, तहसील धनाऊजिला बाडमेर मोबाईल नं. [redacted] -एस.डी.- किशनसिंह चारण उप अधीक्षक पुलिस, कार्यवाही पुलिस निवेदन हैं कि उपरोक्त हस्तलिखित रिपोर्ट दिनांक 22.07.2024 वक्त 02.15 पी.एम. पर प्रार्थी श्री वेणीदान पुत्र श्री रामचन्द्रदान, जाति चारण, उम्र 47 साल, पेशा खेती बाड़ी निवासी बींजासर तहसील धनाऊ जिला बाडमेर ने ब्यूरो कार्यालय बाड़मेर पर उपस्थित होकर मन् किशनसिंह चारण उप अधीक्षक पुलिस के समक्ष मय संलग्न स्व-प्रमाणित आधार कार्ड प्रति के इस आश्य की पेश की कि मेरे परिवार में मेरे नाम, मेरे पिताजी रामचन्द्रदान, मेरी माताजी ऐजनो देवी, मेरे भाई आम्बदान, मेरी पत्नी माकौर के नाम बींजासर ग्राम सेवा सहकारी समिति बीजासर से सोसायटी ले रखी हैं। मेरे परिवार के उक्त सभी के सोसायटी की साख सीमा बढाने/रिन्युल करवाने हेतु श्री रामूलाल पटवारी, पटवार मण्डल बींजासर से कृषि भूमि की नकल जमाबन्दी व नक्शा देने तथा मेरे भाई श्री आम्बदान व माता श्रीमति एंजना कंवर के नाम राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना के अन्तर्गत व्यक्तिगत (टांका, बेरी, खडीन, भूमि समतलीकरण आदि) कार्य करवाने हेतु इनके आवेदन पत्रों में भूमि रिकॉर्ड का इन्द्रांज करवाकर हस्ताक्षर करवाने हेतु मैं दो-तीन दिन पहले व आज सुबह श्री रामूलाल, पटवारी पटवार मण्डल बींजासर से मिला तो उसने मेरे व मेरे परिवार के शाखा सीमा बढाने का फार्म तैयार करने हेतु राजस्व रेकार्ड नकल जमाबन्दी, नक्शा देने तथा मेरे भाई व मेरी माताजी के आवेदन पत्रों में हमारे भूमि रेकर्ड का इन्द्रांज करने की एवज मे 4000 रूपये रिश्वती राशि की मांग की। जिस पर मैंने कहा कि मैं गरीब आदमी हूं, इतने पैसे आपको नहीं दे पाऊंगा, आप मेरे ये सोसायटी के कागजात तैयार करने हेतु राजस्व रेकर्ड दो जिससे मैं सोसायटी उठाकर आपको पैसे दे दूंगा, किन्तु पटवारी ने मेरी बात पर कोई ध्यान नहीं दिया व कहा चाहे कहीं से लाओ मुझे खर्चा पानी दोगे तो ही मैं कागजात तैयार करके दूंगा, अन्यथा आप ये आपके फॉर्म वापिस ले जाओ, जिस पर मैने उस समय मेरे पास रखे 700 रूपये उसी वक्त उसे दिये व शेष राशि काम होने के बाद देने का कहा, तब जाकर उसने मेरे फॉर्म लिये व कहा कि एक-दो दिन बाद 3000 रू. ओर लेकर आना व आपके कागजात ले जाना। मैं पटवारी पटवार मण्डल बींजासर को रिश्वत नहीं देकर रिश्वत लेते हुए को रंगे हाथों पकड़वाना चाहता हूँ। मेरे व श्री रामूलाल पटवारी के बीच कोई रंजिश नहीं हैं, न ही कोई रूपये पैसों का लेनदेन बकाया हैं। मेरी रिपोर्ट पर कानूनी कार्यवाही करावें। परिवादी ने

रिपोर्ट स्वयं की हस्तलिखित होकर इस पर अपने स्व-कलमी हस्ताक्षरित कर पेश करना व रिपोर्ट में उल्लेखित समस्त तथ्य सही होना जाहिर किया। परिवादी की रिपोर्ट एवं तकरीरन दरियाफ्त से मामला लोक सेवक द्वारा वैध कार्य के लिये रिश्वत की मांग करना प्रथम दृष्टिया भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) के तहत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आने से इस पर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रारंभ करते हुए प्रथमतः रिश्वती राशि मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया जाने का निर्णय लिया जाकर कार्यालय मालखाना से एच.एम. श्री सुराब हैड कानि. नं. 97 द्वारा निर्देशानुसार डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड के मन् उप अधीक्षक पुलिस को पेश किया, जिन्हें ऑपरेट करने बाबत् हाजिर परिवादी श्री वेणीदान से समझाईश की जाकर कार्यालय हाजा के श्री नूर मोहम्मद हैड कानि. नं. 56 को कार्यालय कक्ष में तबल कर परिवादी से परस्पर परिचय करवाकर इनके मोबाईल नंबरों का परस्पर आदान-प्रदान करवाया गया। परिवादी की रिपोर्ट पर रिश्वती राशि मांग का गोपनीय सत्यापन करवाने हेतु डिजीटल वॉईस रिकॉर्डर को ऑपरेट करने बाबत् एक बार पुनः परिवादी व श्री नूर मोहम्मद हैड कानि. को समझाईस की गई। इस दोरान परिवादी ने बताया कि अभी मैंने मालुमात की हैं पटवारी हल्के में कहीं बाहर गया हुआ हैं। कल दिनांक 23.07.2024 को मैं उनके पास जाकर वार्तालाप करूंगा, इसलिए एसीबी कॉर्मिक को कल मेरे पास भेजा जावें। जिस पर हाजिर श्री नूर मोहम्मद हैड कानि. को डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड के अपने पास सुरक्षित रखने व दिनांक 23.07.2024 को प्रातः चौकी हाजा से ग्राम बींजासर की तरफ रवाना होकर वक्त 10.00 ए.एम. तक परिवादी से सम्पर्क कर रिश्वती राशि मांग सत्यापन कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित कर मुनासिब हिदायत की गई। चूंकि मन् उप अधीक्षक पुलिस को चौकी हाजा के दीगर प्रकरणों के अनुसंधान हेतु दिनांक 23.07.2024 को जैसलमेर जाना था, लिहाजा जो भी स्थिति हो जरिये दूरभाष अविलम्ब अवगत कराने हेतु श्री नूर मोहम्मद हैड कानि. को निर्देशित किया गया। परिवादी को भी मुनासिब हिदायत कर फॉरिक किया गया। दिनांक 23.07.2024 को बाड़मेर से जैसलमेर जाते समय रास्ते में श्री नूर मोहम्मद हैड कानि. ने जरिये वॉट्सअप कॉल अवगत कराया कि आज परिवादी ने आरोपित पटवारी के मुख्यालय पर नहीं होने की सूचना दी हैं, इसलिए सत्यापन हेतु कल दिनांक 24.07.2024 को जाना हैं, जिस पर श्री नूर मोहम्मद हैड कानि. को सत्यापन बाबत् एक बार पुनः मुनासिब हिदायत की गई थी। दिनांक 24.06.2024 की सांय को मन् उप अधीक्षक पुलिस जैसलमेर से बाद राजकार्य चौकी हाजा पर उपस्थित आया, उस दिन निर्देशानुसार श्री नूर मोहम्मद हैड कानि. वास्ते सत्यापन ग्राम बींजासर को गया हुआ मय परिवादी श्री वैणीदान के कार्यालय हाजा पर उपस्थित मिला, जिसने डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय इस्ट्रॉल सुदा मेमोरी कार्ड के स्वीच ऑफ स्थिति में मन् उप अधीक्षक पुलिस को सुपुर्द कर बताया कि निर्देशानुसार आज प्रातः चौकी हाजा से जरिये राजकीय मोटर साईकिल के डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय इस्ट्रॉल सुदा मेमोरी कार्ड के रवाना होकर ग्राम बींजासर पंहुच परिवादी से सम्पर्क किया तो परिवादी राजकीय विद्यालय बींजासर के पुराने भवन के पास उपस्थित मिला, जिसने बताया कि बींजासर स्कूल के लिए गांव से बाहर आम सड़क पर नया भवन बन गया हैं, अब बच्चे वहां जाते हैं, स्कूल के इस पुराने भवन में कुछ अध्यापक एंव आरोपित पटवारी श्री रामूलाल का निवास हैं, इस समय पटवारी स्कूल के इस पुराने भवन में ही मौजूद हैं, जिस पर मैंने परिवादी को रिश्वती राशि मांग सत्यापन के संबध में समझाईश कर डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय इस्ट्रॉल सुदा मेमोरी कार्ड के ऑन कर सुपुर्द कर आरोपी श्री रामूलाल पटवारी से रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता करने हेतु रवाना राजकीय विद्यालय बींजासर के पुराने भवन में स्थित आरोपित पटवारी के आवास की तरफ किया गया, तथा मैं वहीं आस-पास अपनी मौजूदगी छिपाते हुए परिवादी की वापसी के इन्तजार में व्यस्त हुआ। करीबन 6-7 मिनट बाद परिवादी स्कूल के पुराने भवन में से निकलकर मेरे पास निश्चित स्थान पर उपस्थित आया, जिनसे डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर प्राप्त कर स्वीच ऑफ कर मैंने मेरी स्वयं की सुरक्षित अभिरक्षा में रखा। सत्यापन के संबध में परिवादी ने बताया कि आरोपित पटवारी स्कूल के पुराने भवन में स्थित एक कमरे में उपस्थित मिला, जिसके पास एक ओर आदमी बैठा था, मैंने मेरे काम के बारे में बात की तो पटवारी ने खर्चा पानी का कहा, तो मैंने कहा बोलो कितने, और पहले भी पैसों के बिना मेरे से बात ही नहीं कर रहा था, इसलिए मैंने उनसे पूछा कि बोलो कितने, तो उसने कहा कि तीन हजार लगेगें, मैंने कहा कि आपने मेरा काम कर दिया, तो उसने मेरे से 1000 रू. ले लिये व कहा कि कर दूंगा, आप 2000 रू. ओर दे देना, मैंने कहा दे दूंगा, तो उसने कहा कि शाम तक या कल दे देना, मैं हां कहकर आ गया हूं, अभी तक उसने मेरा कोई भी काम नहीं किया हैं। वो शेष 2000 रू. लेकर ही मेरा काम करेगा। हाजिर परिवादी श्री वैणीदान द्वारा श्री नूर मोहम्मद हैड कानि. के कथनों की पुष्टि की गई। जिस पर मन् उप अधीक्षक पुलिस द्वारा डिजिटल टेप रिकार्डर को ऑन कर सुनने पर श्री नूर मोहम्मद हैड कानि. व परिवादी श्री वैणीदान द्वारा बताये गये तथ्यों की ताईद होते हुए परिवादी श्री वैणीदान से आरोपी श्री रामूलाल पटवारी द्वारा 3000 रू. रिश्वत राशि की मांग कर दौराने सत्यापन 1000 रुपये रिश्वत राशि प्राप्त करना एवं शेष रिश्वत राशि 2000 रुपये की मांग करना पाया गया। जिस पर डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर को मन् उप अधीक्षक पुलिस द्वारा स्वयं की सुरक्षित अभिरक्षा में रखा जाकर उस समय तक की हुई कार्यवाही के संबध में उच्च अफसरान से हालात निवेदन कर आरोपित पटवारी के विरूद्ध दिनंाक 25.07.2024 को ट्रेप कार्यवाही आयोजन का निर्णय लिया गया। परिवादी श्री वैणीदान को उक्तानुसार दिनांक 25.07.2024 को प्रातः 9.00 ए.एम. पर आरोपित पटवारी को दी जाने वाली रिश्वती राशि 2000 रू. सहित पुनः ब्यूरो कार्यालय में उपस्थित आने व प्रकरण में पूर्ण गोपनीयत बरतने हेतु पाबन्द कर फॉरिक किया गया। तत्पश्चात श्री सुराब हैड

कानि. के माध्यम से प्रस्तावित ट्रेप कार्यवाही हेतु जरिये तेहरीर दो स्वतंत्र गवाहान श्री घमण्डाराम फायरमैन व श्री मनोजकुमार कनिष्ट सहायक, नगर परिषद बाड़मेर को मामुर करवाकर इन्हें दिनांक 25.07.2024 को प्रातः 08.30 ए.एम. पर ब्यूरो कार्यालय पर उपस्थित आने हेतु पाबन्द करवाया गया, व उक्तानुसार कार्यालय स्टाफ को भी ब्यूरो कार्यालय पर उपस्थित आने हेतु निर्देशित करवाया गया। दिनांक 25.07.2024 को निर्देशानुसार ब्यूरो स्टाफ एंव दोनों स्वतन्त्र गवाहान नियत समय पर ब्यूरो कार्यालय में उपस्थित आये। कुछ समय पश्चात परिवादी श्री वैणीदान भी उपस्थित आये व आरोपित पटवारी को रिश्वत में दी जाने वाली रिश्वती राशि 2000 रू. साथ में लेकर आना बताया, जिस पर दोनों गवाहान को ब्यूरो कार्यालय में बुलाने के मन्तव्य से अवगत करवाकर परिचय पूछा तो उन्होनें अपना-अपना परिचय क्रमशः श्री घमण्डाराम पुत्र श्री भोमाराम, जाति जाट, उम्र 34 वर्ष, पेशा नौकरी, निवासी डऊकियों की ढाणी, खड़ीन जिला बाडमेर हाल फायरमैन नगर परिषद बाडमेर व श्री मनोज कुमार पुत्र श्री चम्पालाल, जाति वाल्मिकी, उम्र 55 साल, निवसी बापू कॉलोनी बाड़मेर, हाल कनिष्ठ सहायक, नगर परिषद बाड़मेर के रूप में दिया। दोनों स्वतंत्र गवाहान का परिवादी श्री वैणीदान से परस्पर परिचय करवाया जाकर परिवादी द्वारा दिनांक 22.07.2024 को प्रस्तुत हस्तलिखित रिपोर्ट दोनों गवाहान को पढकर सुनाई गई एंव पढने हेतु दी जाकर डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर में रिकॉर्डिंग रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता टेप रिकॉर्डर को ऑन कर सुनाई गई। दोनों गवाहान द्वारा भी हाजिर परिवादी से रिपोर्ट के संबध में पूछताछ कर बाद तसल्ली के परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर अपने-अपने दिनांकित हस्ताक्षर करते हुए इस कार्यवाही में स्वतन्त्र गवाहान बनने की मौखिक सहमति प्रदान की। जिस पर स्वतन्त्र गवाहान के रूबरू परिवादी श्री वेणीदान से आरोपी श्री रामूलाल पटवारी पटवार मण्डल बींजासर को रिश्वत में दी जाने वाली राशि 2000/- रूपये पेश करने का कहने पर परिवादी ने 500-500 रूपये के 4 नोट, कुल राशि 2000 रू. रूबरू गवाहान अपनी जेब में से निकाल कर पेश किये, जिनके नम्बर निम्नानुसार हैं। 1 एक नोट पॉच सौ रुपये का नम्बरी 7 AW 668711 2 एक नोट पॉच सौ रुपये का नम्बरी 1 WQ 993004 3 एक नोट पॉच सौ रुपये का नम्बरी 8 HS 016767 4 एक नोट पॉच सौ रुपये का नम्बरी 7 GE 589386 कार्यालय हाजा के मालखाना को श्री सुराब खां हैड़ कानि. 97 से खुलवाया जाकर फिनोफ्थलीन पाऊडर की शीशी मंगवाई जाकर श्री रघुवीरसिह कानि. नं. 143 से उक्त 2000 रू के सभी नोटों को एक अखबार के ऊपर रखवाकर प्रत्येक नोट पर हल्का-हल्का फिनोफ्थलीन पाऊडर उक्त राशि के प्रत्येक नोट पर लगवाया गया। परिवादी श्री वेणीदान की जामा तलाशी गवाह श्री घमण्डाराम फायरमेन से लिवाई जाकर उसके पास कोई आपत्तिजनक दस्तावेजात व अन्य राशि नहीं रहने दी गई। परिवादी का मोबाईल उसके पास रहने दिया गया। उक्त फिनोफ्थलीन पाऊडर युक्त नोटों को परिवादी श्री वेणीदान के पहनी हुई पैण्ट के दांहिने साईड की जेब में श्री रघुवीरसिह कानि. से रखवाये जाकर गवाहान के समक्ष परिवादी को हिदायत दी गई कि इस रिश्वती राशि को नहीं छुऐ आरोपी श्री रामूलाल पटवारी के मांगने पर ही उक्त रिश्वती राशि निकाल कर उसे देवे तथा आरोपी से हाथ नहीं मिलावे। साथ ही परिवादी को यह भी निर्देशित किया गया कि आरोपी द्वारा रिश्वती राशि प्राप्त करने के बाद वो इस राशि को कहां रखता हैं, या छुपाता हैं, इस बात का ध्यान रखते हुए अपने सिर पर हाथ फैर कर या मन् उप अधीक्षक पुलिस या सत्यापनकर्ता श्री नूर मोहम्मद हैड कानि. के मोबाईल पर मिसकॉल/कॉल करके गोपनीय ईशारा करें। तत्पश्चात प्लास्टिक की एक डिस्पोजल साफ गिलास में साफ पानी भरकर मंगवाया गया। जिसमें एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर डालकर घोल तैयार कर गवाहान, परिवादी को दिखाया गया तो सभी हाजरीन ने रंगहीन घोल होना स्वीकार किया। इस रंगहीन घोल में श्री रघुवीरसिंह कानि. के हाथों की अंगुलियों एवं अगुठों को डुबोकर धुलवाया गया तो घोल का रंग गुलाबी हो गया, जिसे सभी हाजरीन ने घोल का रंग गुलाबी होना स्वीकार किया। सभी हाजरीन को समझाईश की गई कि आरोपी द्वारा रिश्वती राशि के नोटों को हाथ लगाने और सोडियम कार्बोनेट के घोल में हाथ धुलाने पर घोल का रंग गुलाबी हो जायेगा। फिनोफथलीन पाऊडर एवं सोडियम कार्बोनेट के मिश्रण की क्रिया-प्रतिक्रिया व उपयोगिता के बारे में सभी को भली भांति समझाया गया। फिर गिलास के गुलाबी घोल को ऑफिस से बाहर फिंकवाया जाकर डिस्पोजल गिलास व रिश्वती राशि के नोटों पर फिनोफ्थलीन पाउडर लगाने हेतु प्रयुक्त अखबार को जलाकर नष्ट करवाया गया, फिनोफ्थलीन पाऊडर की शीशी श्री रघुवीरसिंह कानि. से कार्यालय हाजा के मालखाना में रखवाई जाकर श्री सुराब खा हैड़ कानि. नं. 97 से मालखाना के ताला लगवाया गया तथा समस्त टेªप पार्टी के सदस्यों, गवाहान के हाथ एवं ट्रेप कार्यवाही हेतु उपयोग में लेने वाली सामग्री वगैरा को भी साफ पानी व साबुन से दो-दो बार धुलवाया गया। फिर ट्रेप पार्टी के सदस्यों की आपस में जामा तलाशी लिरवाई जाकर कोई आपत्तिजनक वस्तु एवं राशि आदि नहीं रहने दी गई। मन् उप अधीक्षक पुलिस, ब्यूरो दल एवं गवाहान ने अपना-अपना मोबाईल अपने पास रखा। गवाहान को हिदायत दी गई कि जहां तक संभव हो परिवादी व आरोपी के बीच में होने वाली रिश्वती राशि लेन देन व वार्तालाप को देखने व सुनने का प्रयास करें। इस कार्यवाही की फर्द पेशकशी रिश्वती राशि एवं दृष्टान्त फिनोफथलीन व सोडियम कार्बोनेट पाऊडर एवं सुपुर्दगी रिश्वती राशि मुर्तिब कर इस पर सम्बंधितगणों के हस्ताक्षर करवाकर फर्द शामिल पत्रावली की गई। तत्पश्चात मन् किशनसिह चारण, उप अधीक्षक पुलिस, ब्यूरो जाब्ता श्री सोहनराम हैड कानि. 33, श्री नूर मोहम्मद हैड कानि. 56, श्री सुराब खां हैड कानि.97, श्री मिश्रीमल हैड कानि. 38, श्री अनूपसिह हैड कानि. 44, श्री ठाकराराम कानि. नं. 440, श्री लालाराम कानि. 328, श्री सहदेवसिंह कनिष्ठ सहायक, दोनों स्वतन्त्र गवाहान श्री घमण्डाराम फायरमैन व श्री मनोजकुमार कनिष्ट सहायक एंव परिवादी श्री वैणीदान के चौकी हाजा के

राजकीय वाहन बोलेरों नं. आर.जे. 14 यूसी 9364 चालक कानि. श्री पवन कुमार एवं प्राईवेट वाहन अर्टिगा नं. आर.जे. 39 यूए 0469 मय चालक श्री धर्मसिंह के प्रकरण हाजा की पत्रावली, डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड, लेपटॉप, प्रिन्टर, टेम्प बॉक्स एवं अन्य आवश्यक सामग्री के ट्रेप कार्यवाही हेतु रवाना होकर ग्राम बींजासर स्थित राजकीय विद्यालय के पुराने भवन के पास पंहुच परिवादी श्री वैणीदान को राजकीय वाहन से नीचे उतारकर डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय इंस्ट्रॉल सुदा मेमोरी कार्ड के ऑन कर सुपुर्द कर आरोपित श्री रामूलाल पटवारी से रिश्वती राशि लेन-देन हेतु रवाना आरोपित के आवास राजकीय विद्यालय बींजासर के पुराने भवन की तरफ किया गया। मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहियान वहीं आस-पास अपनी-अपनी मौजूदगी छिपाते हुए परिवादी के गोपनीय ईशारे के इन्तजार में व्यस्त हुए। कुछ समय बाद परिवादी श्री वैणीदान बिना कोई ईशारा किये राजकीय विद्यालय बींजासर के पुराने भवन के मैन गेट से निकलकर अपने घर की ओर जाने वाले रास्ते-रास्ते रवाना हुआ, जिनसे गोपनीय रूप से सम्पर्क कर डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर प्राप्त कर स्वीच ऑफ कर स्वयं की अभिरक्षा में लिया, एंव पूछने पर परिवादी ने बताया कि आरोपित पटवारी अपने कक्ष में नहीं था, जिस पर स्कूल परिसर से निकलकर वापस आ गया। जिस पर सांय तक आरोपित पटवारी का इन्तजार किया, किन्तु आरोपित पटवारी का अपने निवास पर वापस आना नहीं पाया गया, इसी दौरान परिवादी श्री वैणीदान ने अपने स्तर पर गोपनीय रूप से मालुमात कर बताया कि आज पटवारी वापस गांव में नहीं आकर धणाऊ में ही रहेगा, कल प्रातः 10 ए.एम. तक वापस आयेगा, इसलिए आज लेन-देन कार्यवाही होना संभव नहीं हैं। जिस पर स्वतन्त्र गवाह श्री घमण्डाराम फायरमैन के माध्यम से परिवादी को सुपुर्द फिनोफ्थलीन पाउडरयुक्त रिश्वती राशि 2000 रू. पुनः प्राप्त कर प्रभारी मालखाना श्री सुराब खां हैड कानि. से एक कागज के लिफाफे में डलवाकर ट्रेप बॉक्स में सुरक्षित रखवाई गई। परिवादी को प्रकरण में गोपनीयता की हिदायत कर दिनांक 26.07.2024 को प्रातः बींजासर ग्राम के बाहर नियत स्थान पर उपस्थित मिलने हेतु पाबन्द फॉरिक किया जाकर मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहियान जरिये प्राईवेट एंव राजकीय वाहन के ग्राम बींजासर से रवाना होकर एसीबी ओपी बाडमेर पंहुच ट्रेप बॉक्स, पत्रावली, डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर आदि मन् उप अधीक्षक पुलिस की सुरक्षित अभिरक्षा में श्री सुराब खां हैड कानि. के माध्यम से कार्यालय मालखाना में रखवाये गये । दोनों स्वतन्त्र गवाहान, प्राईवेट वाहन मय चालक श्री धर्मसिंह एंव कार्यालय स्टाफ को दिनांक 26.07.2024 को प्रातः 8.00 ए.एम. पर ब्यूरो कार्यालय पर उपस्थित होने हेतु पाबन्द कर फॉरिक किया गया। दिनांक 26.07.2024 को ब्यूरो स्टाफ व दोनों स्वतन्त्र गवाहान श्री घमण्डाराम फायरमैन व श्री मनोजकुमार कनिष्ट सहायक तथा चालक श्री धर्मसिंह मय प्राईवेट वाहन अर्टिगा नं. आर.जे. 39 यूए 0469 के नियत समय पर ब्यूरो कार्यालय में उपस्थित आये, जिस पर अग्रिम कार्यवाही प्रारम्भ की जाकर परिवादी श्री वैणीदान को पूर्व नियत स्थान पर उपस्थित मिलने हेतु जरिये मोबाईल निर्देशित कर मन् किशनसिह चारण, उप अधीक्षक पुलिस, ब्यूरो जाब्ता श्री सोहनराम हैड कानि. 33, श्री नूर मोहम्मद हैड कानि. 56, श्री सुराब खां हैड कानि. 97, श्री मिश्रीमल हैड कानि. 38, श्री ठाकराराम कानि. नं. 440, श्री लालाराम कानि. 328, श्री सहदेवसिंह कनिष्ठ सहायक, दोनों स्वतन्त्र गवाहान श्री घमण्डाराम फायरमैन व श्री मनोजकुमार कनिष्ट सहायक के राजकीय वाहन बोलेरों नं. आर.जे. 14 यूसी 9364 चालक कानि. श्री पवन कुमार एवं प्राईवेट वाहन अर्टिगा नं. आर.जे. 39 यूए 0469 मय चालक श्री धर्मसिंह के प्रकरण हाजा की पत्रावली, डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड, लेपटॉप, प्रिन्टर, ट्रेप बॉक्स एवं अन्य आवश्यक सामग्री के ट्रेप कार्यवाही हेतु रवाना होकर ग्राम बींजासर की सरहद में पहुंच परिवादी श्री वैणीदान से जरिये मोबाईल सम्पर्क किया गया तो परिवादी ने बताया कि अभी तक आरोपित पटवारी वापस अपने निवास पर नहीं आया हैं, जो अभी तक ग्राम धणाऊ में ही अपने किसी स्टाफ के साथ उनके रूम पर हैं, मैंने गोपनीय रूप से मालुमात किया तो दोपहर बाद लगभग डेढ-दो पी.एम. पर वापस ग्राम बींजासर में अपने निवास पर आना जानकारी में आया हैं, जिस पर परिवादी को सजग रहते हुए आरोपित के वापसी की सत्त जानकारी रखने एंव वापसी होते ही अविलम्ब जानकारी में देने की हिदायत कर मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहियान सरहद बींजासर व मिठे का तला तथा आस-पास के क्षेत्रों में गोपनीय रूप से मौजूद रहकर आरोपित की वापसी की सूचना के इन्तजार में कुछ समय तक व्यस्त रहे किन्तु परिवादी की तरफ से आरोपित की ग्राम बींजासर में अपने निवास पर उपस्थिति बाबत् कोई जानकारी नहीं प्राप्त हुई, जिस पर परिवादी से जरिये मोबाईल सम्पर्क किया गया तो उसने बताया कि अभी तक आरोपित वापिस नहीं आया हैं, करीब घण्टे भर बाद बींजासर आने की संभावना हैं, लिहाजा इस दरम्यि०न समस्त हमराहियान को आस-पास में स्थित भोजनालय/होटल पर लन्च करने हेतु फॉरिक किया जाकर तलबी पर अविलम्ब उपस्थित होने की हिदायत की गई। इसी दौरान परिवादी द्वारा आरोपित पटवारी श्री रामूलाल मीणा के ग्राम बींजासर में स्थित राजकीय विद्यालय के पुराने भवन में अपने निवास पर आने की जानकारी दी गई, जिस पर परिवादी को उक्त विद्यालय के पास ही नियत स्थान पर उपस्थित मिलने की हिदायत कर समस्त जाब्ता मय स्वतन्त्र गवाहान को बाद लंच के एक स्थान पर तलब कर जरिये प्राईवेट एंव राजकीय वाहन के सभी रवाना होकर ग्राम बींजासर स्थित राजकीय विद्यालय के पुराने भवन के पास पंहुचा, जहां नियत स्थान पर पूर्व पाबन्द सुदा परिवादी श्री वैणीदान उपस्थित मिला, जिसने बताया कि पटवारी श्री रामूलाल अभी घण्टा भर पहले अपने निवास पर आया हैं, जो अभी यहीं मौजूद हैं, जिस पर परिवादी श्री वैणीदान से एक बार पुनः रिश्वती राशि लेन-देन के संबध में मुनासिब समझाईश कर आस-पास की लोकेशन का नजरी अवलोकन कर ट्रेप दल को आवश्यक ब्रीफिंग

